# नारीलोक

जनवरी 2023 अंक 294



अध्यक्षीय कार्यालय
NEELAM SETHIA
28/1 Shivaya Nagar 4th Cross
Reddiyur, Salem 636004. (TN)
9952426060
neelamsethia@gmail.com


## अध्यक्षीय अनुभूति

### एक नई शुरुआत – A Brand New Beginning

**नव वर्ष की शुभ बेला में प्रेषित है यह शुभ संदेश,**
**नया दिन, नया साल आप सबके जीवन में उपलब्धियां लाये विशेष।**

एक दस्तक, एक आवाज कल रात 2023 ने दी है। बहुत ही उत्साह और उमंग के साथ स्वागत करते हुए, हम सबने 2023 के लिये अपने दरवाजे खोले और आज सुबह स्वागत किया 2023 की प्रथम किरणों का, इस विश्वास के साथ कि आने वाला साल उमंग, उत्साह और ऊर्जा से परिपूर्ण हो।

कैसी हो new beginning जिससे happy ending हो सके। शुरुआत जनवरी में ही हो यह जरूरी नहीं, पर किसी शुरुआत के लिये इसे अवसर जरूर माना जा सकता है। Life changes when we want to change it, so why not today. बहनों! अगर आप नई शुरुआत उसी mindset से कर रही है जैसे आपने पहले जीवन व्यतीत किया था, तो कुछ भी नया नहीं होने वाला। This is a new chapter and you have to let go all the old baggage. अगर आप वही करेंगे जो हमेशा करते आये हैं, तो आपको वो ही नतीजे मिलेंगे जो हमेशा से मिलते आये हैं। नतीजे नए चाहिये तो efforts भी नये लगाने होंगे।




गत वर्ष या वर्षों में आपके साथ जो भी सही नहीं हुआ या आपके इच्छा अनुसार नहीं हो पाया तो उसे इस वर्ष साथ में ना लाएं। वो baggage वहीं drop करें और fresh शुरुआत करें। जब भी दो व्यक्ति आप में मिलते हैं तब background की बात सबसे पहले की जाती है। लेकिन जब नई शुरुआत करनी हो तब background से ज्यादा vision मायने रखता है। History कभी भी future को determine नहीं कर सकती। नई शुरुआत नई सोच के साथ ही सम्भव है।

हम में से कई लोग सोचते हैं, शंका रखते हैं कि शायद इस कॉलेज में यह कोर्स नहीं पढ़ना चाहिये था, यह बिजनेस नहीं करना चाहिये था, इस परिवार में शादी नहीं होनी चाहिये थी या ऐसा होता तो हम वैसा कर लेते। लेकिन बहनों! इतिहास गवाह है कि कामयाबी उन्हें ही मिली है जिन्होंने अपने उपलब्ध संसाधनों का बखूबी उपयोग किया। Legends are the ones who make best of what they have. आपकी सीमित ऊर्जा, सीमित समय और सीमित अर्थ को आप confusion में बिता देते हैं या focused रह कर उसे सार्थक बना लेते हैं। Confused state में दिमागी शक्ति बिखर जाती है, focused state में एकत्रित होकर कार्य करती है। तो आज आप ठान लें! कि मेरे पास जो भी है उसका सही और उत्कृष्ट उपयोग करूंगी। आज की शुरूआत, आज का पल unique है, ये पल दोबारा नहीं आयेंगे, उसे confusion या mental fog में ना बितायें बल्कि आज ही अपनी energy को switch on करें।

गत माह कुछ spiritual rituals दिए गए थे, आशा है आपने उन rituals को अपनाया होगा। जीवन में अनेक नव वर्ष आए और पुराने होकर चले गए, लेकिन इस नव वर्ष बनाएं हर्ष वर्ष। स्वयं के जीवन को आनन्दित बनाते हुए दूसरों के जीवन में खुशियां ला सकें तो दिन सार्थक, वर्ष सार्थक, जीवन सार्थक ...

स्नेहाकांक्षी
नीलम सेठिया

# अमृत निर्झर



शक्ति के तीन रूप – मन की शक्ति, वचन की शक्ति व शरीर की शक्ति। सब बलों का अपना अपना महत्व है, पर इनमें मनोबल व आत्म–बल सबसे उत्कृष्ट बल है । इस बल का जो धनी होता है वह किसी भी कठिनाई को झेल पाने में सक्षम होता है । जो कठिनाई के डर से काम शुरू ही नहीं करते व निम्न, जो कठिनाई आने पर बीच में छोड़ देते हैं व मध्यम व जो उसका मुकाबला कर पार लगा देते हैं वे उच्च कोटि के होते हैं।

# पाती स्नेह भरी

शुभ नव वर्ष बहनों,

अक्टूबर 2021 से दिसंबर 2022 तक का सफर... आपका और मेरा सफर। साल खत्म होते–होते 15 महीनों में बीता हर दिन, हर क्षण मुझे आप सब के निकट लाता जा रहा है। आप सभी मेरे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं, क्योंकि नारीलोक लिखने हेतु कलम उठाते ही आप सबके मुस्कुराते हुए, विजय का शंखनाद करते हुए चेहरे नजर आते हैं। इन 15 महीनों में आप सब ने बहुत सुंदर एवं सार्थक कार्य संपादित किए हैं। मेरे सतरंगी सपनों को आकार दिया है। आपने गिली मिट्टी को मूर्ति का रूप दिया है। चित्र की outline में सतरंगी रंग भरे हैं। नववर्ष पर बधाई के साथ साधुवाद देती हूं सभी अध्यक्ष के साथ उनकी पूरी टीम को जिन्होंने सदैव एक जागरूक एवं जिम्मेदार सदस्य की भूमिका निभाई है।

अब... नया साल, नये ख्वाब, नई ऊर्जा के साथ अगली मंजिल तक पहुंचने का सफल प्रयास रहे। आने वाले 5 महीने आपके हैं, 5 महीने बाद लगने वाले विजय तिलक के समय हृदय आत्मतुष्टि से सराबोर हो कि गुरु कृपा से जो लक्ष्य लेकर चले थे, वो सफलतम रहा। संस्था के संगठन पक्ष, व्यावहारिक पक्ष एवं आध्यात्मिक पक्ष को ऊंचाईयां मिले ऐसा प्रयास करें।

तो उठें... जागें... आगे बढ़ें... क्योंकि

समय कम है, काम ज्यादा।
संस्था के उन्नयन का पक्का है इरादा।
नववर्ष की अनंत अशेष शुभकामनाएं - नव वर्ष हर्ष नव।

आपकी अपनी
नीलम सेठिया

आध्यात्मिक प्रवृत्तियां

# शृंखलाबद्ध मौन

शृंखलाबद्ध मौन में कई क्षेत्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराई है। भविष्य में भी इसी रूप में उत्साह प्रदर्शित करते हुए अन्य शाखाएं भी इस महायज्ञ में अपनी आहूति देते हुए अध्यात्म की राह में प्रशस्त होंगी, ऐसा पूर्ण विश्वास है। गत माह शृंखलाबद्ध मौन में संबद्ध होने वाली शाखाएं इस प्रकार हैं :–

## नवम्बर-दिसम्बर माह में शृंखलाबद्ध मौन

| | | |
|---|---|---|
| 26 नवम्बर | हांसी | 04 |
| 27 नवम्बर | बेल्लारी | 09 |
| 28 नवम्बर | के.जी.एफ. | 02 |
| 29 नवम्बर | देशनोक | 01 |
| 30 नवम्बर | रावलिया कला | 13 |
| 01 दिसम्बर | हासन | 07 |
| 02 दिसम्बर | गुलाबबाग | 13 |
| 03 दिसम्बर | गांधीनगर | 100 |
| 04 दिसम्बर | नोखा | 6 |
| | पालघर | 4 |
| 05 दिसम्बर | रोहतक | 25 |
| 06 दिसम्बर | जोधपुर | 09 |
| 07 दिसम्बर | बामनिया | 01 |
| 08 दिसम्बर | जसोल | 10 |
| 09 दिसम्बर | तिरुप्पुर | 02 |
| 10 दिसम्बर | बरेटा मण्डी | 02 |
| | चुरू | 06 |
| 11 दिसम्बर | सिंधनूर | 10 |
| 12 दिसम्बर | अंबिकापुर | 06 |
| 13 दिसम्बर | दिल्ली | 350 |
| 14 दिसम्बर | कोटा | 13 |
| 15 दिसम्बर | यशवन्तपुर | 30 |
| 16 दिसम्बर | अंकलेश्वर भरुच | 08 |
| 17 दिसम्बर | राजसमन्द | 18 |
| 18 दिसम्बर | दावणगिरि | 07 |
| 19 दिसम्बर | चेन्नै | 04 |
| 20 दिसम्बर | इस्लामपुर | 15 |
| 21 दिसम्बर | फरीदाबाद | 14 |
| 22 दिसम्बर | भीलवाड़ा | 07 |
| 23 दिसम्बर | अलिपुरद्वार | 08 |
| 24 दिसम्बर | झकनावद | 01 |
| 25 दिसम्बर | पीलीबंगा | 01 |

शृंखलाबद्ध मौन में तिथि आरक्षण हेतु Google Form Link :
https://forms.gle/RmgAXfRe3sVS3oGK7 (Touch the link to open Google Form)
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें संयोजिका श्रीमती जयंती सिंघी मो. 86906 66015

# The Power of Resolutions

मनुष्य में शक्ति की नहीं, संकल्प की कमी होती है। जब हम कोई कार्य करने की इच्छा करते हैं, तो शक्ति अपने आप ही आ जाती है। जो आदमी संकल्प कर सकता है, उसके लिए कुछ भी असम्भव नहीं। संकल्प लेकर पुरुषार्थ करने वाले की जीत निश्चित है। ? संकल्प सहित समर्पित कदम उठाने से ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। नए वर्ष में संकल्प सहित अपने जीवन में नए पन्नों को पलटने का प्रयास करें।

## Why Resolutions ?

- Resolutions परिवर्तन के अवसर प्रदान करते हैं
- Resolutions मस्तिष्क की भाषा है
- Resolutions हमारे इरादों को मजबूत करते हैं
- Resolutions लक्ष्य हासिल करने की ओर प्रेरित करते हैं

## Why Resolutions Fail?

- Unrealistic Resolutions बनाने से
- Resolutions को लेकर planning की कमी
- Resolutions के प्रति आत्मशक्ति की कमी
- Resolutions की tracking या समीक्षा नहीं

## How to sustain Resolutions ?




- विशिष्ट Resolutions चुनें
- अपने Resolutions को सीमित करें
- एक समय में एक Resolution पर ध्यान दें
- Resolutions पर अडिग रहने की योजना बनाएं
- शुरुआत छोटे कदमों से करें
- पिछली असफलताओं को दोहराने से बचें
- अपने Resolutions पर काम करते रहें
- याद रखें कि परिवर्तन की प्रक्रिया में Resolutions सहायक है
- अपने इष्टजनों को अपने संकल्पपूर्ति में सहायक बनाएं
- Resolutions Journal बनाएं

## परिवर्तन की प्रक्रिया






**Create**

कुछ Resolutions की एक लिस्ट बनाएं।



**Repeat**

उठते – सोते समय उन्हें अवश्य दोहराएं। दिन में जितनी बार हो सके दोहराएं।



**Achieve**

अपने Resolutions के प्रति समर्पित भाव से लक्ष्य हासिल करें।

उपरोक्त बिन्दुओं को समाविष्ट करते हुए अपने क्षेत्र में The Power शिल्पशाला का आयोजन जनवरी माह में अवश्य करें।

# LIFESTYLE WITHOUT CRUELTY

## हिंसा vs अहिंसा

3 Months Programme

नया साल, नयी उम्मीद, नए संकल्प और नए लक्ष्यों का निर्धारण। हर वर्ष हम कुछ संकल्प लेते हैं नया करने का, नया बनने का या नया बनाने का। 2023 का यह साल प्रारंभ हुआ फिर इसी नएपन की सोच के साथ। इस वर्ष के लिए भी हमने कई संकल्प किए होंगे, स्व से लेकर पर तक के दायरे के अनेक नए Resolutions भी बनाए होंगे।

क्यों ना इस बार हम अपने आरंभ से 2023 का शुभारम्भ करें। हमारा आरंभ, हमारा आदि, हमारा आधार, हमारा अस्तित्व और यहां तक कि हमारा अनागत भी आधारित है – अहिंसा पर। अहिंसा केवल जैन ही नहीं अपितु सभी धर्मों और संस्कृतियों का प्राण है और आज के इस युग की अपरिहार्यता है। आइए इस वर्ष अहिंसा का आगाज करते हैं जीव दया से अर्थात् एक ऐसी जीवन शैली को हम स्वयं जीएं, औरों को भी जीने के लिए प्रेरित करें। एक ऐसी जीवनशैली जो अन्य जीवों को अभयदान देती हो, जीव हिंसा को प्रोत्साहित न करती हो।

आज जिस Lifestyle को हम follow कर रहे हैं, जिन products का प्रयोग हम अपने जीवन में कर रहे हैं, जिन Fashion Icons को हम अपना living standard का मापदण्ड बना रहे हैं, क्या वे हमारे जैन होने के मापदण्ड पर खरे उतरते हैं? इस प्रश्न का उत्तर खोजने पर कई प्रश्न स्वयं उठते हैं और जवाब में केवल मौन मिलता है।

स्पष्ट है आज हमारी जीवन शैली के अनेक areas है जो हिंसा प्रधान हैं, जीव हिंसा को प्रश्रय और प्रोत्साहन देने वाले हैं। आइए बढ़ाएं कदम cruelty free lifestyle की ओर –

**Say YES (✓)**

- ✓ Handbags / Purses made by plant base or vegan leather
- ✓ Fibre based Garments
- ✓ Organic / Natural Cosmetics
- ✓ Vegan Silk

**Say NO (×)**

- × Hand Bag / Purses made out of animal leather
- × Leather / Feather Garments
- × Animal tested beauty products / cosmetics
- × Silk made out of animals

### The 3 Months Programme

#### January 2023 - (Awareness)

- Cruelty free life-style को Promote करने वाले slogans का Posters/Flyers द्वारा विभिन्न माध्यम जैसे Social media, Public places etc. में प्रचार–प्रसार। Slogans ABTMM website पर उपलब्ध रहेंगे।
- First month में शाखा मंडल Cruelty free life-style पर सदस्यों से वीडियो बनवाएं। अपने क्षेत्र के चयनित best video को संयोजिका को 10 फरवरी 2023 तक भेजें।
  - शाखा मंडल अपने स्तर पर Cruelty free life-style पर Slogan/Poster/Video making competition आयोजित कर सकता है।
  - No Fur - No Leather - No Feather की DP/Status/Wallpaper अभातेममं के नाम सहित सदस्यों से लगवाएं।
  - PETA approved certified brands की जानकारी स्थानीय स्तर पर प्रचारित करें। यह जानकारी www.petaindia.com पर उपलब्ध है।
  - जन–साधारण को इसकी जानकारी प्रदान करते हुए अधिकाधिक व्यक्तियों को Cruelty free life-style हेतु संकल्पित कराएं।

#### February 2023 - (Promotion)

- स्थानीय स्तर पर PETA संस्था के साथ मिलकर कार्यक्रम आयोजित करें।
- स्थानीय सदस्यों द्वारा निर्मित Slogan/Poster/Video की प्रस्तुति दें।
- नाटिका मंचन करें। (इसमें कन्याओं को भी अवश्य सहभागी बनाएं।)
- स्थानीय स्तर पर प्रबुद्ध व्यक्ति / शिक्षाविद् / जैन स्कॉलर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करें।

#### March 2023 - (Action)

अभातेममं द्वारा राज्य स्तरीय / प्रांत स्तरीय वृहद् सेमिनार में सहभागिता। इन आयोजनों में अखिल भारतीय स्तर पर best 3 videos की प्रस्तुति होगी।

अधिक जानकारी हेतु संयोजिका डॉ. वन्दना बरड़िया से सम्पर्क करें

मो. +91 9828729792 या +977 9851029513 (Only WhatsApp Call)

# कन्या मंडल हेतु
## PERSONAL EXCELLENCE MASTERCLASS JOURNEY
*a specially designed course for girls*

कन्या मंडल

PERSONAL EXCELLENCE

PERSONAL BRANDING & GROOMING FINISHING CLASSES

a specially designed course for Grooming, Etiquettes, Communication & Image building

in association with AMITY FINISHING SCHOOL — ASPIRE > ACHIEVE > TRANSFORM

**AMITY FINISHING SCHOOL**

अभातेममं एक ऐसा course प्रस्तुत कर रहा है जो कन्याओं को विभिन्न etiquette जैसे dining, home management, self grooming, communication, image building & cultural values सिखाएगा। इस कोर्स से कन्याएं स्वयं को presentable बना पाएगी एवं आने वाले भविष्य को उन्नतमय बना पाएगी।

6 weekly classes का यह course renowned Amity University के अन्तर्गत Amity Finishing School के collaboration में किया जा रहा है। हर सप्ताह विभिन्न विषयों पर बताया जाएगा। यह course 16 से 30 वर्ष की कन्याओं हेतु विशेष रूप से तैयार किया गया है।

- Course की अवधि 6 सप्ताह होगी।
- Five weekly classes and Sixth class for assessment & Convocation
- हर class में handouts, assignments & practical knowledge दी जाएगी।
- प्रत्येक weekly class 90 मिनट की होगी।
- Course online Zoom पर होगा।
- उम्र सीमा 16 से 30 वर्ष तक की कन्याएं
- Course completion पर Amity से certificate प्रदान किया जाएगा।
- Registration Charges मात्र ₹500 प्रति संभागी

**Course Content**

- Class 1 - Image Consultancy & Fashion Styling
- Class 2 - Business & Social Etiquette
- Class 3 - Dining & Home Etiquette
- Class 4 - Dressing for the occasion
- Class 5 - Home & Time Management
- Class 6 - Overall Assessment & Graduation

इच्छुक कन्याओं को google form द्वारा registration करना होगा।

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भण्डारी मो. 98100 11500

कन्या मंडल

# उड़ान... उमंगों की

आज धरा में क्यों पुलकन है, क्यों नभ में नूतन उच्छ्वास।
प्राणों के पंछी क्यों चहके, क्यों है कण-कण में मृदुहास।
मचल रहे सपने आंखों में कैसे सारे सच कर पाएं।
नववर्ष की बेला में हम आस्था के मंगल दीप जलाएं।।

तारीखों के बदलने के साथ फिर नया साल आ गया, तो आइए सूरज की पहली किरण, पक्षियों के चहचहाने और प्रकृति के सौंदर्य और उसकी अनूठी छटा में घुलते-मिलते हुए स्वागत करें नववर्ष का।

## नव वर्ष का स्वागत करें शुभ संकल्पों के द्वारा

हर व्यक्ति सोचता है यह कार्य अच्छा है, मैं इस वर्ष प्रतिदिन करूंगा। यह अच्छा नहीं है, इसे नहीं करूंगा। व्यक्ति हर नव वर्ष में प्रात:काल संकल्प करता है, पर सांझ होने से पहले टूट जाता है। यह शिकायत एक व्यक्ति की नहीं अनेक लोगों की है। संकल्प को पुष्ट (strong) किए बिना वह स्थाई नहीं हो सकता। उसे पुष्ट करना जरूरी है।

नव वर्ष का नया दिन संकल्प का दिन होता है। स्वास्थ्य का, आहार संयम का, आध्यात्मिक विकास का और दीर्घायु का संकल्प। ये चार संकल्प नववर्ष मनाने को सार्थक बना देते हैं। कोई भी संकल्प अल्पकालिक नहीं होना चाहिए, उसका दीर्घकालिक परिणाम होना चाहिए।

## करणीय कार्य : स्वयंसिद्धा - बनें स्वयं के आदर्श
## नव वर्ष का नया सवेरा - हर दिन बीते ऐसा मेरा

नव वर्ष में संकल्पों सहित जनवरी माह में कोई एक दिन बनाए आदर्श दिन और बने अपने स्वयं के आदर्श। सभी क्षेत्रों की कन्याएं एक दिन अपनी दिनचर्या इस प्रकार निभाए :-

- अपने दिन की शुरुआत सूर्योदय से करें
- गुरु व बड़ों को प्रणाम करें
- घर के कार्यों में बड़ों का हाथ बटाएं
- झूठ न बोलने का संकल्प
- मांसाहार, हुक्का, सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थों का पूर्ण रूप से त्याग।
- Handbag environment friendly use करें।
- जरूरतमंद की हरसंभव मदद करें
- नमस्कार महामंत्र 21 बार
- Healthy Breakfast करें
- School/Office का कार्य समय पर कर घर आए
- किसी पर गुस्सा ना करें। आपसी बातचीत में धैर्य रखें।
- अगर बाहर जा रहे हैं तो कपड़ों की मर्यादा रखें।
- कार्य में पूर्ण प्रामाणिकता (honesty) बरतें
- आवश्यकतानुसार makeup केवल eco-friendly use करें।
- Please, Sorry & Thank You शब्दों का उचित स्थान पर पूर्ण उपयोग कर आभार प्रकट करें

सभी बेटियां जनवरी माह का एक दिन इस दिनचर्या से बिताए।
क्षेत्रीय कन्या मंडल संयोजिका अथवा प्रभारी सभी कन्याओं के नामों का data एकत्रित कर
श्रीमती अर्चना भंडारी को मो. 9810011500 पर भेजें।

उर्वी
मुखरित दीवारें



कन्या मंडल अपने क्षेत्र में संदेशात्मक कलाकृति दीवारों पर बनाकर नगर सौंदर्य में अभिवृद्धि करें।
कलाकृति शहर की दीवारों, स्कूल की दीवारों, अस्पताल की दीवारों पर बना सकते हैं।
यह कार्य अपने क्षेत्र में मार्च 2023 तक जितना अधिक हो सके, अवश्य करें।

NURTURING FUTURE LEADERS
(Zoom Workshop)

जनवरी माह की कार्यशाला - दि. 8 जनवरी 2023
साउथ कोलकाता कन्या मंडल द्वारा आयोजित
विषय- REDEFINE Yourself
Self Transformation
Self Grooming Technique

आगामी मासिक कार्यशालाओं हेतु
कन्या मंडल प्रभारी से संपर्क करें

# INSPIRATHON
## Sheroes - A journey from Mass to Class

अपनी विद्वता, आत्मविश्वास, पुरुषार्थ और समय प्रबन्धन से जिन्होंने हमारे तेरापंथ समाज में ही नहीं वरन् पूरे देश में अपनी पहचान बनाई है इन SHEROES ने जिनसे आज की युवा महिलाएं inspiration ले सकती है। मिलते हैं हमारी अपनी बेटीयों से जो है इस देश की शान। लीक से हट कर उपलब्धियां प्राप्त कर बढ़ाया है नारी का सम्मान।

### DIVA BENGANI JAIN

(D/o. Shri Ashok Smt. Sayar Bengani, Ladnun-Kolkata)
(W/o. Shri Harsh Jain)

Diva graduated with honours in Statistics from the prestigious St Xavier's College, Kolkata. After a successful stint as an actuarial consultant, she acquired an MBA from the Indian School of Business, Hyderabad where she was placed on the Dean's List for Academic Excellence. She pursued executive prpgrammes at Wharton,University of Pennsylvania and Kellogg School of Management, Northwestern University, USA.

**Achievements**

At Arrjavv, Diva shepherded the brand to a recognized and respected level in Real Estate market. She has worked from residential and commercial segment to the dynamic and complex logistics market.

Diva is also passionate about economics and is a well recognized and highly sought after columnist who writes regularly for Livemint, India's premier business daily and has contributed to The Telegraph, Eastern India's foremost English Daily and Business Standard. She has also been invited to host leading policy makers and luminaries of the field for seminars in economics at CREDAI.

Diva founded La Maison De Liveres, India's first book club that inculcates good reading habits and discipline among young adults and children. It was selected as one of the best Book Clubs in the Hyderabad Literary Festival.

Currently, Diva is a leading member of CREDAI Women's wing. She has conducted seminars to educate women on finance and motivate and inspire them play a leading role in business.

**Awards and Testimonials**

1. Diva has been awarded "Women Achiever in Finance" by Realty+ Women Icon and Conclave Awards,2021
2. Diva's work had been quoted and lauded by Dr V Anantha Nageshwaran, Chief Economic Advisor to the Prime Minister. She has collaborated with him on various research subject.
3. Diva's articles have been recommended as "excellent" by Dr KV Subramanian, former Chief Economic Advisor to the Prime Minister.
4. She was invited to conduct a seminar on administrative reforms in India which was widely attended and universally acclaimed.
5. Various Academics in top US universities have appreciated her research and writing.
6. Her insights, research and writings have won much acclaim within the real estate fraternity and she has been invited for real estate seminars at CREDAI on several occasions.

## सामर्थ्य

*Basic Digital Literacy*

अभातेममं के तत्त्वावधान में 'सामर्थ्य' के अन्तर्गत Itguruji के साथ आयोजित Basic Digital Literacy कोर्स परिपूर्ण हुआ एवं काफी बहनें इससे लाभान्वित हुई। Basic Digital Literacy के अन्तर्गत संपादित कोर्स का विवरण इस प्रकार है :–

| | |
|---|---|
| No. of Students | 515 |
| No. of Session Completed | 22 |
| Registration from Cities | 208 |
| Registration from States | 20 |
| No. of Participant appeared for Exam | 148 |

## शाखा पंजीकरण

समय नित नए परिवेश में बदलता जाता है। समयानुसार अपेक्षित कदम उठाने से ही संस्था हित में कार्य किया जा सकता है। बदलते सरकारी नियमों के चलते अब यह अति अपेक्षित हो गया है कि सारी शाखाएं सोसाइटी एक्ट में अपना पंजीकरण करवाएं जिससे कि बैंक एकाउण्ट एवं अन्य गतिविधियां सरकारी रीति–नीति से संचालित हो सके।

सभी शाखा मंडल अपने क्षेत्र की शाखा को अपने राज्य के सोसाइटी एक्ट में अवश्य पंजीकृत करवाएं। इस हेतु आप अपने क्षेत्र के किसी विशेषज्ञ जैसे Chartered Accountant / Advocate आदि का सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। शाखा पंजीकरण 31 मार्च 2023 तक सम्पन्न अवश्य करें। अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें

महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया मो. 94271 33069

# 'क्षितिज... असीम संभवनाओं के' आंचलिक कार्यशाला

## काठमांडू

दि. 13.12.2022 अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं काठमांडू द्वारा नेपाल स्तरीय क्षितिज कार्यशाला का भव्य आयोजन समणी निर्देशिका विपुल प्रज्ञा जी एवं समणी आदर्श प्रज्ञा जी की पावन सन्निधि में हुआ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष वरिष्ठ श्रीमती सरिता डागा, उपाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा, क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. वंदना बरडिया और नेपाल के विविध क्षेत्र बिराटनगर, बीरगंज, राजविराज, हनुमाननगर से समागत के सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों का भव्य स्वागत तेममं काठमांडू ने किया।

प्रथम चरण में कार्यक्रम का प्रारंभ समणीविपुल प्रज्ञाजी द्वारा नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से किया गया। स्थानीय बहनों द्वारा सुंदर मंगलाचरण एव स्वागत गीतिका का संगान जोशीले अंदाज में किया गया। श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा ने साध्वी प्रमुखा जी के संदेश का वाचन किया। स्थानीय अध्यक्ष एवं रा.का.स. श्रीमती अमिता नाहटा ने सभी आगंतुकों का बहुत ही गर्मजोशी के साथ क्षितिज के प्रथम अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में स्वागत अभिनन्दन किया। भारत के 14 राज्यों की वेशभूषा में तैयार बहनों ने देश की विविध भाषाओं में राष्ट्रीय अध्यक्ष के अब तक के सफ़र को बखूबी बताया। तेरापंथ कन्या मंडल ने puppet show के माध्यम से काठमांडू तेकमं के बढ़ते कदमों को बताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने क्षितिज की परिकल्पना क्यों और इसकी असीम संभावनाएं क्या है के बारे में विस्तार से समझाया। समणी निर्देशिका विपुलप्रज्ञाजी ने बुलंद गीतिका के साथ बीज में निहित असीम संभावनाओं को जागृत करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सभाध्यक्ष, तेयुप अध्यक्ष, अणुव्रत समिति अध्यक्ष, नेपाल जैन परिषद के अध्यक्ष सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राजविराज से सुश्री रसिका ने सुमधुर गीतिका की प्रस्तुति दी। आभार ज्ञापन श्रीमती वर्षा बेगवानी ने किया। संचालन मंत्री निशा जैन ने किया।

द्वितीय चरण का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ। श्रीमती सरिता डागा ने Grow Gratitude पर प्रभावी वक्तव्य दिया। श्रीमती अर्चना सारडा और श्रीमती मोनिका डागा ने विभिन्न विषयों पर प्रस्तुति दी। समणी आदर्शप्रज्ञा जी ने बच्चों में छिपी असीम संभावनाओं को उजागर करने की प्रोत्साहन देने की बात कही। समणी निर्देशिका विपुलप्रज्ञाजी ने फरमाया कि मनुष्य जीवन अनमोल है इसमें छोटी छोटी चीजों को छोड़ दे ताकि रिश्तों की बगिया महकती रहे। बीरगंज महिला मंडल द्वारा अभातेमम के प्रोजेक्ट्स की काव्यात्मक शैली में अति सुंदर प्रस्तुति दी।

Radiance : The Inner Glow पर डॉ. एकता व्यास ने एक प्रयोग द्वारा भीतर में छिपी अनंत शक्तियों को उजागर करने की बात कही। मारवाड़ी महिला मंच ने प्रशस्ति पत्र द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का सम्मान किया।

श्रीमती नीलम सेठिया और डॉ. वंदना बरड़िया ने 'कल आज और कल' विषय पर रोचक प्रस्तुति देते हुए बदलावों को किस हद तक स्वीकार किया जाए विषय पर group discussion करवाया। श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा ने संस्था की गतिविधियों और भावी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। खुला मंच के माध्यम से बहनों की जिज्ञासा का समाधान प्रभावी ढंग से किया गया।

आभार ज्ञापन प्रचार प्रसार मंत्री श्रीमती रेणु दुगड़ ने तथा संचालन श्रीमती संगीता लुणिया, वर्तिका नौलखा और मोनिका डागा ने किया। दो दिवसीय इस कार्यशाला में अध्यक्ष श्रीमती अमिता नाहटा एवं मंत्री श्रीमती निशा जैन का श्रम मुखरित हो रहा था।

## गुवाहाटी

दि. 18.12.2022 को तेममं गुवाहाटी द्वारा समणी मधुरप्रज्ञा जी एवं सहवर्तिनी समणीवृंद के सान्निध्य में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया का भव्य स्वागत किया गया।

असम–मेघालय स्तरीय क्षितिज कार्यशाला के प्रथम चरण का शुभारंभ समणीवृंद के मुखारबिंद से महामंत्रोच्चार से हुआ। साध्वी प्रमुखाश्री जी का संदेश वाचन रा.का.स. श्रीमती सुचित्रा छाजेड़ ने किया एवं स्थानीय प्रस्तुति भी हुई। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती मंजू भंसाली ने स्वागत अभिभाषण दिया। विभिन्न संस्थाओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उनकी टीम का स्वागत अभिनन्दन किया।

दूसरे चरण में श्रीमती मनीषा बोथरा ने विषय प्रवेश करते हुए अपनी भावाभिव्यक्ति दी। 'स्वभाव का प्रभाव' विषय पर पूर्व महामंत्री श्रीमती सुमन नाहटा के प्रभावी वक्तव्य के पश्चात् Grow Gratitude विषय पर श्रीमती नीलम सेठिया का प्रेरणास्पद वक्तव्य रहा। समणी जी ने भी अपने मंगल उद्‌बोधन में महिलाओं को क्षितिज पार जाने के लिए प्रेरित किया। स्थानीय तेममं के कर्तृत्व की झलकियां प्रस्तुत की गई। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती ममता दूगड़ ने किया एवं संचालन मंत्री श्रीमती सुशीला मालू ने किया।

द्वितीय सत्र में 'कल आज और कल' पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्रीमती सुमन नाहटा ने समाज की वर्तमान परिस्थितियों पर आधारित group discussion करवाया जो लगभग दो घण्टे तक चला। बहनों ने बड़े उत्साह सहित इसमें भाग लिया। Radiance : The Inner Glow पर प्रायोगिक प्रशिक्षण राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दिया गया। संचालन श्रीमती संध्या कोठारी ने किया।

तृतीय सत्र में In2Future के अंतर्गत अभातेममं के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। खुला मंच में समागत सदस्यों की समस्त जिज्ञासाओं का समाधान दिया गया।

कृष्णोई, तेजपुर, नौगांव, खारूपेटिया, जोरहाट, बरपेटा, धुबड़ी, ढेकियाजुली, कोकराझाड़, बंगईगांव, ग्वालपाड़ा, शिलांग आदि क्षेत्रों की उपस्थिति रही।

‘मंजिलें... Reach the Unreached’

## क्षेत्रीय कार्यशाला

### सिलीगुड़ी

दि. 15.12.2022 को अभातेममं के तत्त्वावधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में मंजिलें कार्यशाला का आयोजन तेममं सिलीगुड़ी ने किया। तेममं सिलीगुड़ी ने राष्ट्रीय कार्यसमिति का रचनात्मक तरीके से विशिष्ट स्वागत किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के महामंत्रोच्चार से प्रारंभ कार्यशाला में स्थानीय बहनों ने प्रेरणा गीत की प्रस्तुति दी। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती मनीषा सुराणा ने भावभीना स्वागत अभिभाषण दिया। स्वागत गीतिका की प्रस्तुति पश्चात् राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ओजस्वी वक्तव्य में लक्ष्य की ओर अग्रसर होते हुए मंजिलें प्राप्त करने के कई गुर बताए। मुख्य अतिथि मेयर श्री गौतम देव ने भावाभिव्यक्ति दी। विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय कार्यसमिति का स्वागत किया।

उपाध्यक्ष द्वय श्रीमती सरिता डागा, श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा, क्षेत्रीय प्रभारी द्वय श्रीमती रमण पटावरी, श्रीमती सोनम बागरेचा, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सीमा बैद, रा.का.स. श्रीमती मनीषा बोथरा ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। विशिष्ट अतिथि सिलीगुड़ी विकास प्राधिकरण के वाइस चेयरमेन श्री दिलीप दुगड़ वाइस एवं पार्षद श्री जयन्त शाह की गरिमामय उपस्थिति रही। खुला मंच में उपस्थित बहनों के जिज्ञासाओं का समाधान दिया गया। मंत्री श्रीमती सुधा मालू ने संचालन किया।

### इस्लामपुर

दि. 16.12.2022 को अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं इस्लामपुर द्वारा मंजिलें कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया, उपाध्यक्ष द्वय श्रीमती सरिता डागा, श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा, क्षेत्रीय प्रभारी द्वय श्रीमती रमण पटावरी, श्रीमती सोनम बागरेचा, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सीमा बैद, रा.का.स. श्रीमती मनीषा बोथरा की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय ने नमस्कार मंत्रोच्चार से किया। प्रेरणा गीत के माध्यम से मंडल की बहनों द्वारा मंगलाचरण किया गया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता सिंघी ने सभी का भावभीना स्वागत किया। स्थानीय बहनों द्वारा परिचय के रूप में अति रोचकता सहित राष्ट्रीय नेतृत्व का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में बताया कि संकल्प यदि दृढ़ हो तभी हम मंजिल तक पहुंच पाएंगे।

श्रीमती सरिता डागा ने Gratitude के बारे में प्रेरक कहानी के माध्यम से समझाया। श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा ने रजिस्टर एवं संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की। श्रीमती रमण पटवारी एवं श्रीमती सोनम बागरेचा ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

स्थानीय बहनों द्वारा सकारात्मकता व परिस्थिति कैसे स्वीकार करें विषयों पर अति सराहनीय प्रस्तुति दी गई। संचालन श्रीमती मनीषा बोथरा ने तथा आभार व्यक्त स्थानीय मंत्री संगीता गोलछा ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री अब्दुल करीम चौधरी, नगरपालिका चेयरमैन श्री कन्हैयालाल अग्रवाल, महासभा के पूर्व रा.का.स. श्री कन्हैयालाल बोथरा, सभा के पदाधिकारीगण, तेयुप पदाधिकारिगण, अभातेयुप से श्री विकास बोथरा, श्री लक्ष्मीपत गोलछा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

### पटना

दि. 17.12.2022 को अभातेममं के तत्त्वावधान एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में ‘मंजिलें’ क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा वैद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ओजस्वी वक्तव्य द्वारा सभी को भाव विभोर कर दिया और मंजिलों को प्राप्त करने के अनेक सोपान बताये। क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती शशि बोहरा तथा श्रीमती सीमा बैद ने विभिन्न विषयों पर प्रस्तुति दी।

स्थानीय महिला मंडल ने विभिन्न विषयों पर रोचक प्रस्तुति दी। श्री तनसुखलाल बैद द्वारा रचित गीत का संगान स्थानीय बहनों द्वारा किया गया। रोचक खेल के माध्यम से पटना के ऐतिहासिक स्थलों की सैर करवाई।

मुख्य अतिथि प्रो. किरण सिन्हा ने भी अपने अनुभव साझा किये। विशिष्ट अतिथि पद्मश्री विमल जैन ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। लेखिका श्रीमती सरोज पाटनी, समाजसेवी श्रीमती गीता जैन तथा श्रीमती वीना गुप्ता, डॉ.ज्योति की विशेष उपस्थिति रही। संचालन मंत्री श्रीमती सुमन जैन ने किया।

### शिलांग

दि. 22.12.2022 को समणी मधुरप्रज्ञाजी के सान्निध्य में क्षेत्रीय कार्यशाला मंजिलें का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में समणीजी द्वारा महमंत्रोच्चार से कार्यशाला का प्रारंभ हुआ। मंडल की बहनों द्वारा मंगलाचरण किया गया। स्थानीय उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता सुराना ने स्वागत भाषण दिया। जैविभा निवर्तमान अध्यक्ष श्री मनोज लुनिया एवं स्थानीय सभा के मंत्री ने आगंतुकों का अभिनंदन किया। स्थानीय मंत्री ने प्रोजेक्टर के माध्यम से डेढ़ वर्ष में किए गए कार्य दर्शाए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हम लक्ष्य को सामने रखकर छोटे–छोटे steps द्वारा मंजिल तक पहुंच सकते हैं। साथ ही सकारात्मक सोच के

शेष पृष्ठ 12 पर

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल
## वर्ष 2023 के करणीय कार्यों का केलेण्डर




JUBILANT JANUARY 2023




FORTUNATE FEBRUARY 2023




MYSTICAL MARCH 2023




AWAKENING APRIL 2023




MINDFUL MAY 2023




JOYOUS JUNE 2023

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल
## वर्ष 2023 के करणीय कार्यों का केलेण्डर




# JUDICIOUS JULY 2023




# ACCOMPLISHED AUGUST 2023




# SPIRITUAL SEPTEMBER 2023




# OPPORTUNE OCTOBER 2023




# NUMINOUS NOVEMBER 2023




# DIVINE DECEMBER 2023

मंज़िलें

## 'मंज़िलें... Reach the Unreached'

## क्षेत्रीय कार्यशाला contd...

महत्व को बताया। कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजू लुणिया ने जीवन में Gratitude के महत्व को बताया। रा.का.स. श्रीमती सुमन नाहटा ने स्थानीय मंडल को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

समणीजी ने अपने मंगल उद्बोधन मे सकारात्मक सोच पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन स्थानीय उपमंत्री श्रीमती नैना दुधोड़िया ने किया।

### जोधपुर सरदारपुरा

दि. 28.12.2022 को शासन श्री साध्वीश्री सत्यवतीजी व साध्वीश्री कुंदनप्रभाजी के सान्निध्य में तेमम जोधपुर सरदारपुरा द्वारा मंजिलें कार्यशाला आयोजित की गई।

साध्वीश्री ने नमस्कार महामंत्र से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्थानीय बहनों द्वारा प्रेरणा गीत से मंगलाचरण हुआ। तत्पश्चात कन्या मंडल की कन्याओं ने acceptance पर रोचक प्रस्तुति दी। स्थानीय अध्यक्षा श्रीमती सरिता कांकरिया ने स्वागत अभिभाषण दिया। समणीजी निर्मलप्रज्ञाजी एवं साध्वीश्री विद्युतप्रज्ञाजी ने प्रेरणा उद्बोधन प्रदान किया। शासनश्री साध्वीश्री सत्यवतीजी ने अपने मंगल उद्बोधन में जीवन को आडंबर रहित करने की प्रेरणा दी।

स्थानीय बहनों ने क्षमा के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। स्थानीय बहनों ने गीत द्वारा अध्यक्षता कर रही महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, रा.का.स. श्रीमती सारिका बागरेचा, श्रीमती विनीता बेगानी एवं एसोसिएट सदस्य श्रीमती मोनिका चोरड़िया का स्वागत किया।

महामंत्री ने नारी लोक में दिए गए हर कार्यक्रम से जुड़े रहने की प्रेरणा दी और साथ ही बहनों तथा कन्याओं को प्रत्येक क्षेत्र में आगे आने के लिए कहा। संचालन श्रीमती चेतना घोड़ावत ने किया।

### जोधपुर जाटावास

दि. 28.12.2022 को तेमम जोधपुर जाटावास में मंजिलें कार्यशाला आयोजित की गई। मंगलाचरण से प्रारम्भ कार्यक्रम में कन्याओं ने पधारे हुए अथितियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती हेमलता गेलड़ा ने वक्तव्य द्वारा स्वागत किया। महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने नारीलोक में प्रेषित कार्यों की जानकारी दी और हर कार्य को सकारात्मक सोच के साथ समय पर पूर्ण करने की प्रेरणा दी। क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सारिका बागरेचा ने क्षमा की क्या महत्त्वता के बारे में, रा.का.स. श्रीमती विनीता बेंगानी ने जीवन विकास के सूत्र के बारे में तथा एसोसिएट सदस्य श्रीमती मोनिका चोरड़िया ने मिलजुल कर मंडल के विकास में सहयोग देने की बात की। संचालन श्रीमती अलका तातेड़ ने किया।

## काव्यामृतम्
### काव्यशाला

गत माह 'निष्कर्ष' शब्द पर अनेक प्रवृष्टियाँ प्राप्त हुई। आप सबकी सृजन क्षमता को साधुवाद। अति सुंदर शब्दों का चयन एवम संयोजन मानो मोतियों की कतार जैसी सजी हुई शब्दाक्षरी। इस क्षमता का विकास निरंतर करना है और अपनी लेखनी को और अधिक समृद्ध बनाने का प्रयास करना है।

#### ब्रह्म शब्द 'निष्कर्ष' पर चयनित कविता

खिला फूल देखा डाली पर, मन मेरा मुस्काया था।
सूखा उस को जब देखा तब, मन मेरा दुख पाया था।।
जो पतंग अंबर को छूती, कटी गिरी आई धरती।
कल जो थी महलों की रानी, आज सर्द आहें भरती।।
हुआ क्षितिज में सूर्य उदित जब, भोर सुहानी तब आई।
सुबह–दोपहर चमका नभ में, शाम कालिमा गहराई।।
अपनी सुंदरता को लख कर, चांद बहुत मुस्काया था।
ग्रहण लगा कुछ ऐसा उस पर, दशा देख घबराया था।।
गीत जन्म के कल गाए थे, उसको दी आज विदाई ।
कल जिस आंगन थी शहनाई, आज उदासी है छाई।।
लहर उठी थी खूब जोश से, तोड़ गई तट पर निज दम।
हश्र देखकर अपनी विचि का, आँखें रत्नाकर की नम।।
यही निष्कर्ष सब बातों का, बात समझ में यह आई ।
जो आया जाएगा निश्चित, नहीं चले छल–कपटाई।।
जन्म–मृत्यु पतझड़ सावन का, आता जाता है मौसम।
नश्वर काया नश्वर माया, नश्वर तुम हो नश्वर हम।।

– हर्षलता दुधोड़िया हैदराबाद

वर्ष 2023 का शुभारंभ है। आने वाले वर्ष का हम किस प्रकार शुभारम्भ करते हुए नए क्षितिज उद्घाटित कर सकते हैं, इस विषय पर काव्य सृजन करें।

इस माह का ब्रह्म शब्द : **शुभारम्भ**

* काव्यामृतम काव्यशाला फेसबुक ग्रुप पर आप स्वयं पोस्ट कर सकते हैं।
* उपरोक्त ब्रह्म शब्द पर 20 जनवरी 2023 तक प्राप्त प्रविष्टियां ही मान्य होगी।
* 16 लाइन से बड़ी कविता ना लिखें।

काव्यामृतम् काव्यशाला का फेसबुक ग्रुप है :–
www.facebook.com/groups/418110360344800/

# FEED THE MIND

## पाठशाला पुस्तकालय परियोजना

### काठमांडू

दि. 13.12.2022 को तेममं काठमांडू द्वारा Feed the Mind प्रोजेक्ट के अंतर्गत कमल माध्यमिक विद्यालय में Library का उद्घाटन किया गया। समणी निर्देशिका विपुल प्रज्ञा जी ने नवकार मंत्र के उच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रिंसिपल द्वारा अभातेममं की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया, उपाध्यक्ष वरिष्ठ श्रीमती सरिता डागा, उपाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा का स्वागत अभिनंदन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने Library का उद्घाटन किया एव कहा कि बच्चे Library के माध्यम से अपने जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाएंगे। स्कूल के बच्चों ने स्वागत गीत एवं National Song गाकर सबका स्वागत किया। अध्यक्ष श्रीमती अमिता नाहटा एवं मंत्री श्रीमती निशा जैन के सार्थक श्रम हेतु साधुवाद।

### पटना

दि. 17.12.2022 को Feed the Mind प्रोजेक्ट के अंतर्गत पुस्तकालय का उद्घाटन अमलाटोला कन्या विद्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया के करकमलों से किया गया। क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती शशि बोहरा, श्रीमती सीमा बैद की विशेष उपस्थिति रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए पुस्तकालय की उपयोगिता एवं निर्मित पुस्तकालय को विकसित करने की बात कही। विद्यालय की प्रिंसिपल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत अभिनन्दन किया। अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बैद एवं मंत्री श्रीमती सुमन जैन को सार्थक श्रम हेतु साधुवाद।

### गुवाहाटी

दि. 19.12.2022 को तेममं गुवाहाटी द्वारा समृद्ध राष्ट्र योजना के तहत फाटाशील में स्थित नूतन हाई स्कूल में महिला मंडल द्वारा निर्मित लाइब्रेरी का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया द्वारा किया किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजू लूणिया, रा.का.स. श्रीमती सुमन नाहटा, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सुचित्रा छाजेड़, श्रीमती मनीषा बोथरा की गरिमामाय उपस्थिति रही। सीआरसीसी श्री रामेश्वर शर्मा व स्कूल की प्रिंसिपल पूर्वी दास कोलिता ने मंडल के प्रति आभार व्यक्त किया एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। बच्चों में लाइब्रेरी के प्रति काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का समापन बच्चों ने राष्ट्रीय गान गाकर किया। अध्यक्ष श्रीमती मंजू भंसाली एवं मंत्री श्रीमती सुशीला मालू के श्रम नियोजन से लाइब्रेरी प्राजेक्ट सफल रहा।

### शिलांग

दि. 22.12.2022 को तेममं शिलांग ने फीड द माइंड प्रोजेक्ट के अंतर्गत कैंटोनमेंट हाई स्कूल के पुस्तकालय में निर्मित बुक सेक्शन का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजू लूणिया, रा.का.स. श्रीमती सुमन नाहटा की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रिंसिपल श्रीमती आशा ने अभातेममं पदाधिकारियों का स्वागत किया एवं तेममं शिलांग को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

### नोएडा

दि. 27.12.2022 को तेममं नोएडा द्वारा निठारी ग्राम के बीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती मंजू भूतोड़िया, रा.का.स. श्रीमती शिल्पा बैद, श्रीमती सोनिका बैंगानी, मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री श्री मदन चौहान, ACP रजनीश वर्मा, सद्भावना सेवा संस्थान के अध्यक्ष श्री अनिल सिंह, एडवोकेट श्री रणपाल अवाना, लायंस क्लब अध्यक्ष श्री रचना यादव, उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री विकास जैन की गरिमामय उपस्थिति रही।

स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती कविता लोढ़ा ने सभी का स्वागत किया। महामंत्री ने अभातेममं की स्थाई योजनाओं के बारे में बताया। श्रीमती मंजू भूतोड़िया, श्रीमती शिल्पा बैद एवं श्रीमती सोनिका बैंगानी ने उत्साहवर्धक वक्तव्य दिए। स्थानीय मंडल ने गीतिका की अति सुन्दर प्रस्तुति दी। लाइब्रेरी के भीतर पूर्ण सामग्री की व्यवस्था तेममं नोएडा द्वारा की गई।

सभा उपाध्यक्ष श्री कंवरलाल सिपानी, मंत्री श्री सुरेंद्र बैद, तेयुप अध्यक्ष श्री दिलीप कुंडलिया, तेप्रोफो अध्यक्ष श्री प्रसन्न सुराणा, श्री सतपाल जैन एवं श्री महावीर लोढ़ा की भी गरिमामय उपस्थिति रही। संचालन डॉ. आरती कोचर एवं आभार ज्ञापन मंत्री श्रीमती दीपिका चौरड़िया ने किया।

### जयपुर सी-स्कीम

दि. 30.12.2022 को तेममं जयपुर सी स्कीम द्वारा Feed the Mind परियोजना के अंतर्गत निर्मित पांच पुस्तकालय का उद्घाटन एवं 14 विद्यालयों को कंप्यूटर सेट वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बैद, कृषि विपणन राज्य मंत्री श्री मुरारी लाल मीणा, जिला कलेक्टर श्री कमर उल जमान चौधरी, जिला प्रमुख श्री हीरालाल सैनी, राज. धरोहर प्राधिकरण डायरेक्टर श्री मनोहरलाल गुप्ता, शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम मीणा, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक श्रीमती संगीता मानवी, जिला साक्षरता अधिकारी श्री राजीव व्यास एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुशील शर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही।

नमस्कार महामंत्र के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। समागत अतिथियों ने संबोधित करते हुए कार्यक्रम की सराहना की। श्रीमती पुष्पा बैद ने पुस्तकालय निर्माण के प्रयास को अति सराहनीय बताते हुए मंडल को शुभकामनाएं संप्रेषित की।



# कन्या सुरक्षा योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम



## काठमांडू

दि. 13.12.2022 को तेममं काठमांडू द्वारा कन्या सुरक्षा योजना के अन्तर्गत 'करनी है जीवन की रक्षा कन्याओं की करो सुरक्षा' स्लोगन के साथ bench का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया द्वारा किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल एवं वार्ड अध्यक्ष मीना सुनार ने महिला मंडल के कार्यों की सराहना की। पूर्व में भी तेममं काठमांडू द्वारा कन्या सुरक्षा सर्कल एवं बैंच का निर्माण किया हुआ है।

## सिलीगुड़ी

दि. 15.12.2022 को तेममं सिलीगुड़ी द्वारा कन्या सुरक्षा स्तम्भ का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में हुआ। नमस्कार महामंत्रोच्चार के पश्चात् स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती मनीषा सुराणा ने स्वागत अभिभाषण दिया। कमान्डेंट आफिसर श्री शैलेश कुमार प्रभावशाली वक्तव्य दिया। वर्धमान एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री रतनलाल भंसाली ने भी भावाभिव्यक्ति दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने निराले अंदाज में कन्या सुरक्षा के महत्व को दर्शाया।

इसी दिन कन्या सुरक्षा योजना के अन्तर्गत बैंच का भी उद्घाटन किया गया। उपाध्यक्षद्वय श्रीमती सरिता डागा, श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा, रा.का.स. श्रीमती सुमन नाहटा, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती रमण पटावरी, श्रीमती सोनम बागरेचा, रा.का.स. श्रीमती मनीषा बोथरा की गरिमामय उपस्थिति रही। जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.1 पर बैंच का उद्घाटन किया गया और साथ ही रेलवे अधिकारियों की उपस्थिति में एक प्रभावशाली कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## पर्वतपाटिया

दि. 16.12.2022 को तेममं पर्वत पाटिया द्वारा सात बेंच के लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें 4 बैंच सिविल हॉस्पिटल के फिजियोथेरेपी डिपार्टमेन्ट व तीन बैंच सिमीमेर हॉस्पिटल में लगवाये गये। उद्घाटनकर्ता के रूप में महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती श्रेया बाफना, रा.का.स. श्रीमती जयंती सिंघी की गरिमामय उपस्थिति रही।

नमस्कार महामन्त्र द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। प्रेरणा गीत से मंगलाचरण पश्चात् स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती ललिता पारख ने सभी का तहे दिल से स्वागत किया। श्रीमती कनक बरमेचा एवं श्रीमती निधि सेखानी ने शुभकामनाएं प्रेषित की। महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने अभातेममं के योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। सिमीमेर हॉस्पिटल में डॉ. विपुल श्रीवास्तव, डॉ. हेमन्त तथा उनकी पूरी टीम की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ।

## इस्लामपुर

दि. 16.12.2022 को तेममं इस्लामपुर द्वारा रेलवे स्टेशन पर कन्या सुरक्षा सर्कल का उद्घाटन किया गया। उद्घाटनकर्ता के रूप में अभातेममं की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती नीलम सेठिया उपस्थित रही। साथ में उपाध्यक्ष द्वय श्रीमती सरिता डागा, श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती रमण पटावरी, श्रीमती सोनम बागरेचा, बिहार प्रभारी श्रीमती सीमा बैद, रा.का.स. श्रीमती मनीषा बोथरा की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नमस्कार मंत्रोच्चार द्वारा किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता सिंघी ने सभी अतिथियों का स्वागत भावों द्वारा अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि विधायक श्री अब्दुल करीम चौधरी उपस्थित थे। महासभा के पूर्व रा.का.स. श्री कन्हैयालाल बोथरा, सभा के पदाधिकारीगण, तेयुप के पदाधिकारीगण, अभातेयुप के युवा वाहिनी संयोजक श्री विकास बोथरा, ज्ञानशाला आंचलिक संयोजक श्री लक्ष्मीपति गोलछा, साधुमार्गी रा.का.स. श्री राजीव डागा आदि की भी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि ने महिला मंडल के इस कार्य की भूरि–भूरि प्रशंसा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी ओजस्वी वक्तव्य में सर्कल के महत्व को बताते हुए इस्लामपुर रेलवे स्टेशन के नजदीकी मुख्य स्थान पर सर्कल बनाने पर बधाई प्रेषित की। पूर्वाध्यक्ष श्रीमती जयश्री सिंघी ने आभार व्यक्त किया एवं संचालन मंत्री श्रीमती संगीता गोलछा ने किया।

## गुवाहाटी

दि. 19.12.2022 को तेममं गुवाहाटी द्वारा डिगली पुखरी के निकट कन्या सुरक्षा सर्कल का उद्घाटन किया गया। इसका अनावरण राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती अंगुरी लता डेका के कर कमलों से हुआ। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजू लूणिया, रा.का.स. श्रीमती सुमन नाहटा, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती सुचित्रा छाजेड़ श्रीमती मनीषा बोथरा एवं अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी व सदस्यगणों की गरिमामय उपस्थिति रही।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने प्रभावी वक्तव्य में कन्या सुरक्षा को समसामयिक विषय बताया तथा अभातेममं के इस योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। तेममं गुवाहाटी ने शहर के इतने मुख्य स्थान पर सर्कल निर्मित कर स्वयं को साधुवाद का पात्र बना दिया। सरकार से ऐसे स्थल पर निर्माण हेतु अनुमति प्राप्त करना ही अपने आप में विशिष्ट बात है। इसके निर्माण में श्रीमती सुशीला रणजीत मालू का प्रशंसनीय योगदान रहा। गुवाहाटी के विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। संचालन श्रीमती विद्या कुण्डलिया ने किया।

# दस्तक

## नेपाल स्तरीय क्षितिज कार्यशाला में की गई प्रस्तुति

### मैं हूं नन्ही पतंग

आंगन में बैठी मां चोटी सुलझा रही थी,
जाने कौन सी गुत्थी उन्हें उलझा रही थी,
दादी की चीख अब न गूंजेगी पोती की किलकार,
पिता की चुप्पी ने मानो कर लिया स्वीकार,
मां की सिसकियों ने भिगो दिया मुझको अंदर ही अंदर
मेरे आने से पहले ही यह कैसा स्वगत सुंदर।
पूछती हूं! क्यों नहीं मुझे जीने का अधिकार?

### मैं ही कली पतंग

शिक्षा के प्रांगण में सुमन सौरभ खिला है,
भाई संग पढ़ने का अनुपम सौगात मिला है,
घर का दायित्व सिर्फ मुझको ही सिखलाया,
बचपन से संस्कारों को घोट–घोट मुझको ही पिलाया,
सिर्फ इसलिए ना क्योंकि मैं बेटी हूं और वो
बेटा नहीं मानो जीती हुई कोई ट्राफी हो
पूछती हूं! यह सौतेला व्यवहार करने का किसने दिया अधिकार?

### मैं हूं युवती पतंग

पल–पल बढ़ता देख मुझे, नींद तुम्हारे उड़ जाती,
पराये घर जाना तुमको बात यही बस दोहराती,
मोती झरते आंखों से कर विदा, दी संस्कारों की दुहाई,
वाह जगवालों क्या रीत बनाई, हुई आज फिर मैं पराई,
डरती पहले पिता से, अब पति–पुत्र की है बारी आई,
संबंधों को जोड़ने की जिम्मेदारी, क्यों सिर्फ मैंने निभाई,
क्या समझोगी पीर हमारी, तुम जो पराये घर से आई,
सुन मुस्काती हूं क्या कभी एक हाथ से ताली है बज पाई।
पूछती हूं! क्यों रिश्तों को निभाने की डोर मुझे ही थमाई?

### मैं हूं प्रौढ़ पतंग

समय बीता और क्या हुआ मेरे इस परिवार को,
भीतर ही भीतर जन्म दे रही नये बिखराव को,
न जाने क्या हुआ इन आपसी रिश्तों को,
जो जुड़ कर भी लगते कुछ टूटे से हैं,
पूछती हूं! मेरे ऐसे अनगिनत सवालों का है क्या कोई जवाब?

### मैं हूं कल्पतरु पतंग

उड़ तो अकेले भी सकती हूं,
पर अकेलापन न मुझे भाया है,
अब तक अकेले ही चलना सबने सिखलाया है,
है पग–पग पर बंदिशों की मजबूत डोर,
तोड़ना चाहूं तो एक पल में तोड़ गिराऊं,
पर मुझे चाहिए अपनों का प्यार,
ऊंचाइयों को छूना आसाना नहीं दोस्तों,
काश हर परेशानी में तुम मेरे पंख बन जाते,
मिलकर संस्कारों का जो महल हम बना ले पाते,
तो मैं क्षितिज क्या भवसागर भी पार कर जाती,
फिर ऐसे अनगिनत सवालों का जवाब
हमें स्वयं के भीतर मिल जाता।

– कुसुम मणोत (बीरगंज)

बहिनों लक्ष्य बनाओ, आगे कदम बढ़ाओ
उस क्षितिज पर उड़ान भरो तुम, नया सवेरा लाओ
(अब) मंजिल पाओ, शिखर चढ़ जाओ।

मिले सहारा औरों का मत करो प्रतिक्षा
अपने बल पर देनी होगी तुम्हें परीक्षा
तेरे दृढ़ पौरुष का है इतिहास गवाही
झरने की ज्यों बहते जाओ अविरल राही
नये–नये संस्कार भरो तुम घर–घर ज्योत जगाओ
मंजिल पाओ, शिखर चढ़ जाओ।

– मिन्टु बोथरा (बीरगंज)

## गुवाहाटी में सुरोत्सव

दि. 19.12.2022 को तेममं गुवाहाटी द्वारा आईटीए सेन्टर माछखोवा (गुवाहाटी) में धार्मिक संध्या 'सुरोत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रस्तुति सुश्री अभिलाषा बांठिया की रही, जिन्होंने आध्यात्मिक एवं देशभक्ति गीतों से समस्त श्रोतागण को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में तेममं गुवाहाटी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष व उनकी टीम का तथा सुमधुर गायिका सुश्री अभिलाषा बांठिया का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्थानीय बहनों ने महिला सशक्तिकरण पर शानदार प्रस्तुति दी। स्थानीय मंडल के सम्पूर्ण कार्यसमिति सदस्यों ने समवेत स्वरों में सुन्दर प्रस्तुति दी।

स्थानीय तेममं द्वारा सम्पादित दो दिवसीय कार्यक्रम में श्रीमती मीरा सुराणा का विशेष सहयोग रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रा.का.स. श्रीमती सुमन नाहटा ने कार्यक्रम की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए तेममं गुवाहाटी का स्मृति चिन्ह सहित उत्साहवर्द्धन किया। अध्यक्ष श्रीमती मंजू भंसाली ने स्वागत अभिभाषण दिया एवं मंत्री श्रीमती सुशीला मालू ने संचालन किया।

निर्जरा का विशिष्ट उपक्रम एवं
पूज्यप्रवर की रास्ते की सेवा का उपक्रम

## 'भावना सेवा' में सेवार्थी

भावना सेवा

सेवा देने वाले शाखाओं एवं बहनों को हार्दिक साधुवाद

**9 नवम्बर से 15 नवम्बर 2022 – साउथ कोलकाता**
श्रीमती तारा सुराणा, श्रीमती अनिता सुराणा, श्रीमती बिंदु डागा,
श्रीमती सरला भादानी, श्रीमती सुमन गोलछा,
श्रीमती सुशीला श्रीश्रीमाल, श्रीमती किरणदेवी आंचलिया

**09 नवम्बर से 15 नवम्बर 2022 – विजयनगर, बेंगलुरु**
श्रीमती प्रेम भंसाली, श्रीमती किरण पारख,
श्रीमती मंजू बोहरा, श्रीमती मंजू लूणिया

**16 नवम्बर से 22 नवम्बर 2022 – विजयनगर, बेंगलुरु**
श्रीमती सरिता छाजेड़, श्रीमती सुशीला माण्डोत,
श्रीमती झुमा देवी पितलिया, श्रीमती चंद्रा बैद

**23 नवम्बर से 01 दिसम्बर – विजयनगर, बेंगलुरु**
श्रीमती मंजू बोथरा, श्रीमती सुनीता पींचा,
श्रीमती सुशीला माण्डोत, श्रीमती मोनिका गांधी

**01 दिसम्बर से 09 दिसम्बर 2022 – विजयनगर, बेंगलुरु**
श्रीमती मंजु गादिया, श्रीमती लक्ष्मी पितलिया,
श्रीमती किरण बोराणा, श्रीमती चंचल माण्डोत,
श्रीमती रेखा पितलिया

**08 दिसम्बर से 13 दिसम्बर 2022 – उदयपुर**
श्रीमती वसंता कंठालिया, श्रीमती इंदुबाला पोरवाल,
श्रीमती सुगन पोरवाल, श्रीमती स्नेहलता पोरवाल,
श्रीमती लाड कंठालिया, श्रीमती मधुबाला चव्हाण

**14 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2022 – उधना**
श्रीमती संगीता बाफना, श्रीमती सुनीता कुकड़ा,
श्रीमती जसु बाफना, श्रीमती सुनीता चौरड़िया, श्रीमती सुंदर गांधी

**21 दिसम्बर से 27 दिसम्बर 2022 – बारडोली**
श्रीमती संगीता सरणोत, श्रीमती आशा चोरड़िया,
श्रीमती आशा मेहता, श्रीमती ललिता बाफना,
श्रीमती संजु मेहता, श्रीमती पायल मेहता

श्रीमती किरण बाई आंचलिया
द्वारा निरन्तर प्रदत्त सेवा हेतु हार्दिक साधुवाद।

Acharya Mahashraman Physiotherapy Centre

## फिज़ियोथेरेपी सेन्टर का उद्घाटन

### सिलीगुड़ी

दि. 16.12.2022 को तेममं सिलीगुड़ी द्वारा फिज़ियोथेरेपी सेन्टर का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में हुआ। नमस्कार महामंत्रोच्चार पश्चात् स्थानीय अध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया। काउंसलर स्निग्धता दे वसु एवं मंजूमाता सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष की भी उपस्थिति एवं अभिव्यक्ति रही। स्थानीय बहनों की प्रस्तुति के पश्चात् राष्ट्राध्यक्ष का प्रभावी वक्तव्य रहा। Pioneer Group, Mumbai के सौजन्य से मशीनें उपलब्ध करवाई गई। उद्घाटन के पश्चात् मंजू माता सेवा ट्रस्ट के प्रांगण में सुन्दर कार्यक्रम आयोजित किया गया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने अभातेमम एवं स्थानीय तेममं का आत्मीय स्वागत अभिनन्दन किया।

### इस्लामपुर

दि. 16.12.2022 को तेममं इस्लामपुर द्वारा फिज़ियोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन किया गया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया सहित उपाध्यक्षद्वय श्रीमती सरिता डागा, श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा, बंगाल प्रभारी श्रीमती रमण पटावरी, श्रीमती सोनम बागरेचा, बिहार प्रभारी श्रीमती सीमा बैद, रा.का.स. श्रीमती मनीषा जी बोथरा ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नमस्कार महामंत्र मंत्रोच्चार से किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता सिंघी ने स्वागत स्वर उकेरे। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फिजियोथेरेपी सेंटर के डॉक्टर ने अपनी भावों की अभिव्यक्ति दी। श्रीमती जयश्री सिंघी ने सभी का आभार ज्ञापित किया तथा संचालन मंत्री श्रीमती संगीता गोलछा ने किया। Pioneer Group, Mumbai के सौजन्य से मशीनें उपलब्ध करवाई गई। अध्यक्ष श्रीमती सरिता सिंघी एवं मंत्री श्रीमती संगीता गोलछा को सार्थक श्रम हेतु साधुवाद।

## एक मुलाकात अनुराधा कोइराला के साथ

दि. 12.12.2022 को अभातेमम की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया, उपाध्यक्षद्वय श्रीमती सरिता डागा एवं श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा, क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. वंदना बरड़िया तथा रा.का.स. श्रीमती अमिता नाहटा ने आचार्य तुलसी कर्तृत्व पुरस्कार से सम्मानित माइती फाउण्डेशन नेपाल संस्था की संस्थापिका श्रीमती अनुराधा कोइराला से शिष्टाचार भेंटवार्ता की। इस संस्था द्वारा human trafficking के खिलाफ 12000 महिलाओं के जीवन को उद्धार करने का श्रेय प्राप्त है।

श्रीमती अनुराधा कोईराला ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेपाल आगमन पर भावभीना स्वागत अभिनन्दन करते हुए प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मानित किया। दो घण्टे तक विभिन्न विषयों पर वार्तालाप एवं विचारों का आदान-प्रदान हुआ। माइती फाउण्डेशन का पूरा दौरा करवाते हुए प्रत्येक गतिविधि की जानकारी दी।

# आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत

## तत्त्वविज्ञ परीक्षा परिणाम

'सा विद्या या विमुक्तये' विद्या वही है जिससे मुक्ति सधे। उस विद्या को प्राप्त करने के लिए स्वाध्याय जरूरी है, ज्ञान जरूरी है, ज्ञान बहुत बड़ी संपदा है। ज्ञान रूपी विद्या प्राप्त करके ही हम मुक्ति के मार्ग की ओर अग्रसर हो सकते हैं। तत्त्वविज्ञ की परीक्षा 17 अगस्त व 20 अगस्त 2022 को देश के 37 केन्द्रों पर हुई। 121परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरे व 96 ने परीक्षा दी। बहुत प्रसन्नता की बात है कि उनका रिजल्ट 100% रहा। सभी परीक्षार्थियों को बहुत–बहुत बधाई। वरीयता प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को बहुत बहुत बधाई व शुभकामना। 20 जनवरी 2023 तक आप re-check के लिए आवेदन कर सकते हैं। Re-check के लिए व्यवस्थापिका या परीक्षार्थी एक पत्र में अपना नाम, क्षेत्र का नाम, रोल नंबर, रजिस्ट्रेशन नंबर, कौनसा पेपर (1/2) करवाना है लिखकर भेजें। साथ में re-checking शुल्क ₹250 अभातेमम के account में जमा करवाकर slip की photocopy भेज दें। 13 चारित्रात्माओं ने परीक्षा दी, उनका रिजल्ट 100% रहा। तत्त्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन निदेशिका श्रीमती पुष्पा बैंगानी एवं राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती मंजू भूतोड़िया के सार्थक श्रम से यह परीक्षाएं देश भर में संपादित हुई है, तदर्थ साधुवाद।

### तत्त्वविज्ञ 2022 प्रथम वर्ष परीक्षा – चारित्रात्माओं द्वारा

| नाम | पंजीकरण नं. | रोल नं. | अंक 1 | अंक 2 | कुल अंक | वरीयता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| साध्वीश्री प्रशान्तयशा | VG5012 | 9 | 100 | 99 | 199 | प्रथम |
| साध्वीश्री कर्तव्ययशा | VG5006 | 3 | 96.5 | 98.5 | 195 | द्वितीय |
| साध्वीश्री ओजस्वीप्रभा | VG5010 | 7 | 96 | 99 | 195 | द्वितीय |
| साध्वीश्री डॉ. परमप्रभा | VG5011 | 8 | 95 | 98 | 193 | तृतीय |
| साध्वीश्री मध्यस्थप्रभा | VG5008 | 5 | 88.5 | 98.5 | 187 | Distinction |
| साध्वीश्री प्रवीणप्रभा | VG5013 | 10 | 78.5 | 93.5 | 172 | Distinction |
| साध्वीश्री लोकोत्तरप्रभा | VG5007 | 4 | 76.5 | 94.5 | 171 | Distinction |
| साध्वीश्री गुप्तिप्रभा | VG5005 | 2 | 67 | 82 | 149 | I Division |
| साध्वीश्री चारूलता | VG5004 | 1 | 51 | 93 | 144 | I Division |
| साध्वीश्री नीतिप्रभा | VG5009 | 6 | 51.5 | 64.5 | 116 | II Division |

### तत्त्वविज्ञ 2022 द्वितीय वर्ष परीक्षा – चारित्रात्माओं द्वारा

| नाम | पंजीकरण नं. | रोल नं. | अंक 1 | अंक 2 | कुल अंक | वरीयता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| साध्वी प्रांजलयशाजी | VG5001 | 1 | 99 | 95 | 194 | प्रथम |
| साध्वी रिद्धियशाजी | VG5002 | 2 | 88 | 100 | 188 | द्वितीय |
| साध्वी रौनकप्रभाजी | VG5003 | 3 | 92 | 89 | 181 | तृतीय |

### तत्त्वविज्ञ 2022 प्रथम वर्ष परीक्षा – वरीयता

| नाम | परीक्षा केन्द्र | पंजीकरण नं. | रोल नं. | अंक 1 | अंक 2 | कुल अंक | वरीयता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दीपाली सेठिया | चेन्नै | VG122 | 7 | 97 | 97 | 194 | प्रथम |
| सरिता चोपड़ा | दिल्ली | VG129 | 21 | 91.5 | 98.5 | 190 | द्वितीय |
| सुनीता चोरड़िया | इचलकरंजी | VG158 | 81 | 89.5 | 98.5 | 188 | तृतीय |
| संतोष रायसोनी | बेंगलुरु | VG177 | 116 | 90.5 | 97.5 | 188 | तृतीय |

# आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत
# तत्त्वविज्ञ परीक्षाएं

### तत्त्वविज्ञ 2022 प्रथम वर्ष परीक्षा – वरीयता contd...

| नाम | परीक्षा केन्द्र | पंजीकरण नं. | रोल नं. | अंक 1 | अंक 2 | कुल अंक | वरीयता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चेष्टा सुराणा | औरंगाबाद | VG142 | 54 | 92 | 92 | 184 | Distinction |
| भारती गादिया | बेंगलुरु | VG174 | 113 | 87.5 | 94.5 | 182 | Distinction |
| भारती संकलेचा | इचलकरंजी | VG156 | 79 | 87 | 94 | 181 | Distinction |
| चंदा डूंगरवाल | ईरोड़ | VG181 | 121 | 79 | 100 | 179 | Distinction |
| बीना भांडिया | जयपुर शहर | VG130 | 27 | 85 | 93 | 178 | Distinction |
| निशा गर्ग | दिल्ली | VG127 | 19 | 84.5 | 92.5 | 177 | Distinction |

### तत्त्वविज्ञ 2022 द्वितीय वर्ष परीक्षा – वरीयता

| नाम | परीक्षा केन्द्र | पंजीकरण नं. | रोल नं. | अंक 1 | अंक 2 | कुल अंक | वरीयता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्रेष्ठा गोलेच्छा | बालोतरा | VG088 | 77 | 100 | 100 | 200 | प्रथम |
| संगीता भंसाली | सूरत | VG059 | 44 | 95 | 98 | 193 | द्वितीय |
| डॉ.वीणा श्यामसुखा | साउथ कोलकाता | VG046 | 39 | 99.5 | 90.5 | 190 | तृतीय |
| चेतना चोपड़ा | बालोतरा | VG082 | 71 | 92.5 | 97.5 | 190 | तृतीय |
| उमा सांखला | जलगांव | VG090 | 82 | 89 | 100 | 189 | Distinction |
| पुखराज लुणावत | शिलांग | VG074 | 56 | 90 | 96 | 186 | Distinction |
| लक्ष्मी बरमेचा | पूर्वांचल कोलकाता | VG095 | 90 | 87.5 | 98.5 | 186 | Distinction |
| डॉ. पुखराज सेठिया | साउथ कोलकाता | VG040 | 35 | 98.5 | 86.5 | 185 | Distinction |
| ममता जैन | पूर्वांचल कोलकाता | VG096 | 91 | 85.5 | 97.5 | 183 | Distinction |
| सुनीता सुराणा | शिलांग | VG077 | 57 | 85 | 97 | 182 | Distinction |

## कर्म विज्ञान और कालूतत्त्वशतक (वर्ग-प्रथम व द्वितीय)
## पर आधारित बोर्ड गेम पर प्रतियोगिता

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्मित उपरोक्त बोर्ड गेम्स पर आधारित
एक प्रतियोगिता शाखा मंडल अपने क्षेत्र में आयोजित करें।
समस्त सदस्यों को एकत्रित करते हुए कोई इन बोर्ड गेम पर आधारित एक खेल प्रतियोगिता का आयोजन करे।
इस कार्यक्रम का आयोजन 15 जनवरी 2023 तक होना अनिवार्य है।
तत्पश्चात् फरवरी 2023 में अखिल भारतीय स्तर पर इसका द्वितीय चरण आयोजित किया जाएगा।
समस्त शाखा मंडलों से अनुरोध है कि शीघ्रातिशीघ्र इन बोर्ड गेम को मंगवा कर इस प्रतियोगिता का आयोजन अवश्य करें।
शाखा मंडल उपरोक्त बोर्ड गेम्स के ऑर्डर हेतु
श्रीमती सीमा बैद मो. 8084020043 से सम्पर्क करें।
और अपने क्षेत्र के प्रथम विजेता के नाम भी यथाशीघ्र संयोजिका को संप्रेषित करें।

# ज्ञान चेतना प्रश्नोत्तरी?

## जनवरी 2023

सन्दर्भ पुस्तक : धर्म है उत्कृष्ट मंगल (पृष्ठ संख्या 194 से 217)

### एक शब्द में उत्तर दें

1. पदयात्रा क्या है?
2. संस्कृत साहित्यकारों ने अपने साहित्य में दो शब्दों का प्रयोग किया है– समाज और दूसरा?
3. कौन से प्रदेश में आचार्यप्रवर से पूछा – आप हिन्दू है या मुसलमान?
4. कौन से वर्ग के उद्धार के लिए आचार्यवर ने भारतीय संस्कार निर्माण समिति की परियोजना बनाई?
5. कूकरखेड़ा में भूतपूर्व सैनिक बलाई का नाम क्या था?
6. आचार्यप्रवर टाडगढ़ में विराज रहे थे, उस समय कौन सा पर्व था?
7. 19 मार्च 1985 को आचार्य प्रवर कहां पधारें ?
8. इन्द्र का खुले मुँह बोलना क्या है?
9. निर्जरा के बारह प्रकारों में दसवां कौन सा?
10. जैन जीवन शैली का दूसरा सूत्र कौन सा?

### रिक्त स्थान की पूर्ति करें

11. अपशकुन विधवा अबलाओं का नहीं, अपितु वैधव्य–परिचायक .............................. का होता है।
12. अणुव्रत आन्दोलन के साथ नारी .............................. की दृष्टि से भी कार्य प्रारंभ हुआ।
13. राष्ट्रपति ज्ञानी जैलसिंह ने एक बार कहा– आचार्य श्री तुलसी एक .............................. है।
14. 22 मार्च 1985 को आचार्य प्रवर का .............................. में पदार्पण हुआ।
15. टाडगढ़ से विहार कर आचार्यवर .............................. की ओर आगे बढ़ रहे थे।
16. मनुष्य अपनी नासमझी के कारण ही .............................. कहलाता है।
17. जन्म लेना और मरना एक .............................. है।
18. .............................. वर्ष में जैन जीवन–शैली जनता के समक्ष प्रस्तुत की गई।
19. साधु और गृहस्थ के बीच की कडी है .............................. ।
20. पूज्य श्री तुलसी ने स्वयं पुरुषार्थ और .............................. का जीवन जिया है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें – संयोजिका श्रीमती निर्मला चण्डालिया
मो. 9819418492, Email : nirmalachandaliya@gmail.com

प्रविष्टि भेजने की अन्तिम तिथि : 20 जनवरी 2023

Google Form Link : https://forms.gle/EhwSstE1bHj8GGsA6 (Click here to go to Google Form)

### दिसम्बर 2022 प्रश्नोत्तरी के सही उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. ध्वज | 02. परिग्रह | 03. संघबद्ध | 04. एकांकी | 05. कुशाग्र |
| 06. विजयसिंहजी | 07. कालू | 08. पवित्रता | 09. परोपकारिता | 10. आत्मानुशासन |
| 11. पलायन | 12. अपरिग्रही | 13. क्रांतिकारी | 14. अनुशासन | 15. आचारनिष्ठा |
| 16. आचरण | 17. जागृति | 18. विवेक | 19. अमूल्य | 20. आचार |

### दिसम्बर 2022 प्रश्नोत्तरी के भाग्यशाली विजेता

| | | |
|---|---|---|
| 1. रितू जैन, आमेट | 2. संगीता छाजेड़, मुम्बई | 3. सुशीला जैन, चैन्नई |
| 4. सरोज सिंघवी, मुम्बई | 5. शान्ता गंग, करीमगंज | 6. बेला नाहटा, हैदराबाद |
| 7. बबिता कोठारी, कटक | 8. स्वाति दफ्तरी, किशनगंज | 9. मंजूला डागा, जयपुर |
| | 10. सुनिता दुधेड़िया, शिलांग | |

## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल को
### प्रदत्त सहयोग एवं प्रेरणा से प्राप्त अनुदान हेतु हार्दिक आभार

**₹3,51,000**
तेरापंथ
महिला मंडल
काठमांडू
(भावना सेवा)

**₹3,50,000**
स्व. श्रीमती जड़ावदेवी श्री मूलचंदजी कोठारी
की पुण्य स्मृति में
श्री पुष्पराजजी कोठारी (जसोल–अहमदाबाद)
मंजुदेवी, कान्तादेवी, सन्तोष, सपना,
आर्या, आन्या, आव्या कोठारी
अभिनंदन प्रोसेसर्स, जसोल
ग्रिपोन इन्फ्रास्ट्रक्चर्स, अहमदाबाद
(भावना सेवा)

**₹2,51,000**
तेरापंथ
महिला मंडल
गुवाहाटी
(भावना सेवा)

**₹1,00,000**
तेरापंथ
महिला मंडल
गंगाशहर
(भावना सामग्री)

**₹51,000**
तेरापंथ
महिला मंडल
शिलांग
(भावना सेवा)

**₹31,000**
तेरापंथ
महिला मंडल
उदासर
(भावना सेवा)

₹11,000 श्रीमती किरणदेवी आंचलिया, गंगाशहर – दिल्ली
₹11,000 तेरापंथ महिला मंडल, चुरू
₹11,000 तेरापंथ महिला मंडल, किश्नोई
₹11,000 तेरापंथ महिला मंडल, नगांव
₹11,000 तेरापंथ महिला मंडल, जोरहाट
₹7,100 तेरापंथ महिला मंडल, धुबड़ी
₹5,100 तेरापंथ महिला मंडल, बंगईगांव
₹11,000 तेरापंथ महिला मंडल, पटना
₹11,000 तेरापंथ महिला मंडल, तेजपुर
₹11,000 तेरापंथ महिला मंडल, खारूपेटिया
₹11,000 तेरापंथ महिला मंडल, बरपेटा रोड़
₹5,100 तेरापंथ महिला मंडल, कोकराझाड़
₹5,100 तेरापंथ महिला मंडल, ग्वालपाड़ा
₹5,100 श्रीमती नेहा जैन के जन्मोत्सव पर श्री अशोककुमारजी दूगड़, तिनसुकिया
₹5,000 तेरापंथ महिला मंडल, ढेकियाजुली

उपरोक्त समस्त अनुदान भावना सेवा हेतु प्राप्त हुए।

पंजीकृत कार्यालय : 'रोहिणी', अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल, लाडनूं (राज.) 341306

**मधु देरासरिया**
कृष एन्क्लेव
F/102, सिटीलाइट
सूरत 395 007. (गुजरात)
मो. 9427133069
Email : madhujain312@gmail.com
महामंत्री कार्यालय

नारीलोक
देखने हेतु
Touch to open
www.abtmm.org
Touch to open
www.facebook.com/abtmmjain/
Touch to open
https://bit.ly/abtmmyoutube

**रंजु लुणिया**
लुणिया मार्केटिंग प्रा. लि.
बड़ा बाजार, छेरा बस स्टॉप के पास
शिलोंग 793 001. (मेघालय)
मो. 9436103330
Email: lmplshillong@gmail.com
कोषाध्यक्ष कार्यालय